**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.04.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को दिया जाएगा करारा जवाब।
- राज्य सरकार ने किए 22 प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले– 3 ज़िलों के उपायुक्त बदले गए।
- ऊना ज़िले में राज्यस्तरीय हरोली उत्सव शुरू– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया शुभारम्भ।
- प्रदेश में खिल रही तेज़ धूप से तापमान में वृद्धि जारी– ऊना में 42 डिग्री तक पहुंचा पारा।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ज़ोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को करारा जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...........

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पहलगाम हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और आतंक के आकाओं ने कश्मीर को फिर से तबाह करने के लिए ये साज़िश रची है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ी ताकत देश की एकता और एक सौ 40 करोड़ भारतीयों की एकजुटता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ये एकता ही निर्णायक लड़ाई का आधार है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता को सबसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल ऐप पर सचेत ऐप से मदद ले सकते हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देशभर में पिछले एक वर्ष में एक सौ 40 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने देशवासियों से इस अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। हिमाचल प्रदेश में किन्नौर ज़िले की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किन्नौर में केसर का उत्पादन शुरू हो गया है जबकि अब तक ये ज़िला केवल सेब के लिए प्रसिद्ध था।* रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार, शिमला।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ नाहन में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि वैश्विक पटल पर भारत और भारतीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों को पहचान दिलाने में मन की बात कार्यक्रम ने अहम भूमिका निभाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की मुख्य धारा से दूर काम कर रहे लोगों की परियोजनाओं को एक नई पहचान और नया मंच मिलता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व सांसद सुरेश कश्यप भी इस दौरान मौजूद रहे।

**तबादले**

राज्य सरकार ने आज 17 आई.ए.एस. और 5 एच.ए.एस. अधिकारियों के तबादले किए हैं। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 3 ज़िलों के उपायुक्त भी बदले गए हैं। बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड का प्रबंध निदेशक लगाया गया है जबकि लाहौल–स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार अब बिलासपुर के उपायुक्त का कार्यभार देखेंगे। आई.ए.एस. किरण भड़ाना को लाहौल–स्पीति के उपायुक्त की ज़िम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा को उपायुक्त सिरमौर लगाया गया है।

**उत्सव**

ऊना ज़िले में हरोली के कांगड़ मैदान में राज्यस्तरीय हरोली उत्सव आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उत्सव का शुभारम्भ किया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस दौरान मौजूद रहे। इस वर्ष इस उत्सव की थीम नशा निवारण निर्धारित की गई है। इसके तहत 'नशामुक्त ऊना–नशामुक्त हिमाचल' का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। 29 अप्रैल तक चलने वाले हरोली उत्सव में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**भाजपा**

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत सिरमौर का ज़िलास्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम आज नाहन में संपन्न हुआ। इस दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। संगोष्ठी में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में अहम योगदान दिया लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उनका अपमान किया। वहीं पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि देश की अनुसूचित जातियों को कांग्रेस ने केवल वोट बैंक की तरह ही इस्तेमाल किया और उनके विकास के लिए नारेबाज़ी के अलावा कुछ नहीं किया।

**बाली**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि धर्मशाला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। वे आज धर्मशाला में शहीद मेजर दुर्गामल और कैप्टन दल बहादुर की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पौंग क्षेत्र में पर्यटन, वाटर स्पोर्ट्स और साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

**आरोप**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कांग्रेस सरकार पर जनता पर आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल की आड़ में जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में एक हज़ार 3 सौ करोड़ रूपए का ऋण लिया है और अब प्रदेश पर एक लाख करोड़ रूपए से अधिक का ऋण हो गया है।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से खिल रही तेज धूप के चलते तापमान में वृद्धि का क्रम लगातार जारी है। ऊना में आज अधिकतम तापमान 42 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह बिलासपुर, मण्डी, सिरमौर, हमीरपुर, कांगड़ा ज़िलों सहित कई अन्य क्षेत्रों में तापमान 35 डिग्री सैल्सियस से ऊपर चल रहा है। चिलचिलाती धूप के कारण मैदानी क्षेत्रों में दिन के समय लोग घरों से बाहर निकलने से परहेज़ कर रहे हैं। राजधानी शिमला का तापमान आज 28 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम साफ रहने और कुछ स्थानों पर गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है।

**खेलकूद**

सोलन ज़िले के दाड़लाघाट में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की ज़िलास्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में ज़िलेभर के संस्थानों की 2 सौ से अधिक महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन खेल सहित सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। समापन अवसर पर विधायक संजय अवस्थी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की असीमित ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान कर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मज़बूत बनाती हैं।

**स्वास्थ्य सेवा**

राज्य सरकार डॉक्टर–नर्स–रोगी अनुपात के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को लागू करने के लिए कार्य कर रही है। इन मानदण्डों को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेज़ी लाई गई है जिससे प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकें। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार राज्य में चिकित्सा

विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों को पूरा वेतन दिया जाएगा। इससे उनके पेशेवर विकास को और बढ़ावा मिलेगा। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए चिकित्सा विशेषज्ञों को मासिक स्टाइपंड में 50 से एक सौ 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।

**भूस्खलन**

चम्बा ज़िले की पांगी घाटी को कुल्लू के रास्ते जोड़ने वाला एस.के.टी.टी. मुख्य मार्ग तिंदी के समीप कढूनाला में आज सुबह भारी भूस्खलन के चलते अवरूद्ध हो गया है। ऐसे में सड़क के दोनों ओर कई वाहन फंस गए हैं। पंगवाल एकता मंच ने सीमा सड़क संगठन से इस मार्ग को जल्द खोलने का आग्रह किया है। मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने उम्मीद जताई कि मार्ग पर यातायात जल्द ही सुचारू हो जाएगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को दिया जाएगा करारा जवाब।
- राज्य सरकार ने किए 22 प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले– 3 ज़िलों के उपायुक्त बदले गए।
- ऊना ज़िले में राज्यस्तरीय हरोली उत्सव शुरू– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया शुभारम्भ।
- प्रदेश में खिल रही तेज़ धूप से तापमान में वृद्धि जारी– ऊना में 42 डिग्री तक पहुंचा पारा।